योगेश गुप्ता
(Advocate)
सनद क्रमांक- 0190/2003

निवास- 33, अग्रवाल नगर, पुरानी भूमि, गोयल नर्सिंग होम के पास, इंदौर
मोबाईल नंबर- 9827011544

दिनांक 23-03-2025

सेवा में,
**श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय,**
इंदौर (म.प्र.)

**विषयः- अनएकेडमी के संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने व जमा फीस दिलवाने बाबत।**

महोदय,

श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि मैं फरियादी/आवेदक योगेश गुप्ता 33, अग्रवालनगर पुरानी भूमि, इंदौर में निवास करता हूँ। मैंने मेरे पुत्र यजत गर्ग को आईआईटी-जेईई की कोचिंग हेतु कोचिंग इंस्टीट्यूट अनएकेडमी सेंटर 3/1, रेसकोर्स रोड इंदौर में आईआईटी-जेईई क्लास 12 में एक वर्ष की पढ़ाई हेतु कोचिंग का एडमिशन कराया था, जिसकी क्लास 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होना है। इस हेतु दिनांक 31-10-2024 को सेंटर सब्सक्रिप्शन करके सर्विस फीस के रूप में अग्रिम फीस कुल 51400/- रूपये (अक्षरी रूपये इक्कावन हजार चार सौ रूपये) दो किस्तों में भरी है। ये फीस इनवाईस नंबर यूए-0/24-25/एमपी-14861 दिनांक 31-10-2024 से 49400/- रूपये ऑनलाईन भरे थे, जिसकी इनवाईस रसीद मेरे पास है जबकि उसी दिनांक को मैंने स्वंय के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पीबीबी शाखा से एकाउंट खाता नंबर 53000371051 से यूपीआई रेफरेंस नंबर 467172755013 से 1999/- रूपये पेटीएम के जरिये भुगतान किया था, जिसका स्क्रीन शॉट भी मेरे पास मोबाईल में मौजूद है, (जिसकी छायाप्रतियां संलग्न है।) इस तरह कुल 51400/- (अक्षरी रूपये इक्कावन हजार चार सौ रूपये) रूपये भरने के बाद मुझे 2 जनवरी 2025 में पता चला कि इस एकेडमी में नियमित रूप से बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों फैकल्टी को निकाला जा रहा है मेरा पुत्र यहां के फैकल्टी श्री एसकेएस सर व विवेक सर को देखकर संस्थान में प्रवेश लिया था, एडमिशन लेते समय बताया गया था कि उनके द्वारा मेरे पुत्र को पढ़ाया जायेंगा, उन्हें भी निकाल दिया गया है। मैने कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। योग्य फैकल्टी के अभाव में मुझे मेरे पुत्र का भविष्य अंधकारमय नजर आया तो मैंने अपने पुत्र को अनएकेडमी में पढ़ाने की अनिच्छा जताते हुए जमा फीस लौटाने हेतु कई मतर्बा रेसकोर्स रोड स्थित ऑफिस पर संपर्क किया गया किंतु वहां से करीब एक माह से अधिक समय से टालमटोल की जा रही है। सिटी हेड प्रियमसिंह 80500-11322,96694-06379 से भी मोबाईल पर चर्चा की गई है किंतु पहले उन्होंने जमा फीस रिफंड के संबंध में कार्रवाई का आश्वासन दिया था अब फोन रिसीव नहीं किया जा

अविरत...2

Received 23/03/25

रहा है। आरोपीगण प्रियम सिंह ( सिटी हेड) अनएकेडमी **Sorting Hat Solutions pvt Ltd** ठिकाना- आरसीएमआईकॉन, 3/1, रेसकोर्स रोड, इंदौर म.प्र. पिन-452001 व सुधांशु जैन (नेशनल एकेडमिक हेड) ठिकाना-मारूती इंफोटेक सेंटर 100 फीट रोड, एंबेसी गोल्फ लिंक बिजनेस पार्क , डोमलूर , बेंगलूर ,कर्नाटक-560071 (कंपनी के मुख्य कर्ताधर्ता है) मैंने कंपनी द्वारा प्रदत्त ब्रोशर के अनुरूप रिफंड पॉलिसी के अनुसार कंपनी के रजिस्टर्ड मेल आईडी पर वांछित दस्तावेज भी ईमेल कर दिये थे, किंतु न तो कंपनी की तरफ से अभी तक कुल जमा एडवांस फीस कुल 51400/- रूपये वापस लौटाई गई है और न कोई कंफर्मेशन मेल ही भेजा गया है। मैं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा हूं, संचालकों ने एडवांस रूपये लेने के बाद मेरे द्वारा कई बार मांगने पर भी मुझे वापस नहीं लौटाए है जिससे मुझे गंभीर आर्थिक क्षति हुई है। कंपनी के कर्ताधर्ताओं के इस कृत्य से मैं काफी आहत हूं। मुझे पता चला है कि मेरी तरह कई अन्य अभिभावकों/ पालकों को इसी तरह ठगा गया है, कंपनी के कर्ताधर्ता उन्हें भी पैसे नहीं लौटा रहे है। **अनएकेडमी के सिटी हेड व नेशनल एकेडमिक हेड के खिलाफ धोखाधड़ी के अपराध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318/4 में प्रकरण पंजीबध्द कर सख्ततम कार्रवाई की जावें एवं मेरे द्वारा जमा कुल 51400/- (अक्षरी रूपये इक्कावन हजार चार सौ रूपये) की धनराशि भी उनसे वापस दिलवाई जावें।**

**ध्यानार्थ–** मैंने मप्र पुलिस सिटीजन पोर्टल पर दिनांक 21-03-2025 को ई.एफआईआर नंबर 92133005825015 की थी किंतु मुझे तुकोगंज थाने से बताया गया है कि अलग से आवेदन देना होगा। अतः यह आवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं, कृपया उचित कार्रवाई हेतु संबंधित को आदेशित करें, यही विनय है।

स्थान- इंदौर।
दिनांक- 23-03-2025

भवदीय,

Yogam

(योगेश गुप्ता)
(एडवोकेट)
मोबाईल नंबर- 9827011544

प्रतिलिपिः- आवश्यक कार्रवाई एवं सूचनार्थ।

1. श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, भोपाल, म.प्र.
2. श्रीमान थाना प्रभारी महोदय, तुकोगंज थाना, इंदौर, म.प्र.

unacademy

# TAX INVOICE

From

**Sorting Hat Solutions Pvt Ltd**

RCM Icon, 3/1 Racecourse road, Indore Madhya Pradesh - 452001

State: Madhya Pradesh
PAN: ABICS4948R
CIN: U22219KA2022PTC161167
GSTIN: 23ABICS4948R1ZI

Invoice No:
UA-O/24-25/MP-14861

Place of Supply:
Madhya Pradesh (India)

Transaction ID:
LCDLDPLMLD3KI0AX

HSN Code:
999293

Invoice Date:
31-Oct-2024

Invoice for

**Yajat Garg**

yajatgarg2@gmail.com
8989505557
Madhya Pradesh

Mode of payment:
Online

Payment date & time:
31/10/2024 11:52 PM

| Particulars | Amount |
|---|---|
| Service fees for Unacademy centres subscription - IIT JEE Class 12 - 1 Year - IIT JEE - Excel 2025 (C) Indore | ₹41864.41 |
| SGST (9%) | ₹3767.8 |
| CGST (9%) | ₹3767.8 |
| **Total** | **₹49400.00** |

1. GST under reverse charge is not payable on this invoice
2. This is a computer generated invoice and does not require a signature

Paytm

**Paid Successfully**

**₹1,999**

Rupees One Thousand Nine Hundred Ninety Nine Only

UnacademyUnacademyPlusPayment

**To: Sorting Hat Technologies Private Limited**

UPI ID: sortinghattechnologiesprivatelimited.rzp@sbi

**From: Yogesh Gupta**

YG

State Bank Of India - 1051

UPI Ref No: 467172755013

06:20 PM, 31 Oct 2024

Powered by UPI | AXIS BANK